सीएम हेल्पलाइन पर लोक सेवकों को धमकाने का आरोप

7–8 वर्षों से लंबित क्रमोन्नति और एरियर पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से संचालित सीएम हेल्पलाइन व्यवस्था को लेकर उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राघवेंद्र वसूले ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अपनी जायज विभागीय समस्याओं के निराकरण के लिए सीएम हेल्पलाइन का सहारा लेने वाले लोक सेवकों पर ही जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी और प्राचार्य स्तर से शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है।वसूले ने कहा कि लोक सेवक होने का अर्थ यह नहीं है कि कर्मचारी अपने वैधानिक एवं आर्थिक अधिकारों के लिए आवाज उठाने का अधिकार खो देता है। लोक सेवक शासन का कर्मचारी होने के साथ-साथ एक आम नागरिक भी है और उसके साथ भी वही प्रशासनिक संवेदनशीलता और न्याय होना चाहिए, जिसकी अपेक्षा सरकार आम नागरिकों के लिए करती है।

"हेल्पलाइन बंद कराने से नहीं, समस्या हल करने से बनेगी व्यवस्था"

राघवेंद्र वसूले ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज होने के बाद अधिकारियों की पहली प्राथमिकता शिकायतकर्ता को शिकायत वापस लेने के लिए दबाव डालना नहीं, बल्कि यह देखना होना चाहिए कि समस्या उत्पन्न क्यों हुई और उसके निराकरण में अनावश्यक देरी किस स्तर पर हुई।उन्होंने कहा कि यदि किसी कर्मचारी का क्रमोन्नति प्रकरण वर्षों से लंबित है, एरियर का भुगतान नहीं हुआ है, सेवा पुस्तिका का संधारण समय पर नहीं किया गया है अथवा पदोन्नति एवं अन्य विभागीय लाभ निर्धारित समय पर नहीं मिले हैं, तो इसका जवाबदेह कौन है—यह तय होना चाहिए।

शिक्षक से हर जिम्मेदारी की अपेक्षा, लेकिन उसके अधिकारों की जिम्मेदारी कौन लेगा?

वसूले ने कहा कि शिक्षक से शासन अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कराता है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और उनका भविष्य संवारने के साथ शिक्षक जनगणना, मतदाता सूची, मध्यान्ह भोजन, आयरन की गोलियों का वितरण, पल्स पोलियो अभियान, राष्ट्रीय सेवा योजना, चुनाव ड्यूटी सहित विभिन्न शासकीय अभियानों और कार्यक्रमों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।उन्होंने सवाल उठाया कि जब शिक्षक शासन के प्रत्येक महत्वपूर्ण अभियान में पूरी जिम्मेदारी से अपनी भूमिका निभाता है, तो फिर उसके वेतन, एरियर, वरिष्ठता, क्रमोन्नति, पदोन्नति और सेवा अभिलेखों से जुड़े मामलों के लिए जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से पीछे क्यों हट रहे हैं?

समय पर वेतन और विभागीय लाभ दिलाना भी अधिकारियों का मूल दायित्व

वसूले ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी और संस्था प्रमुखों की जिम्मेदारी केवल अधीनस्थ कर्मचारियों से काम लेना ही नहीं है। उनके महत्वपूर्ण दायित्वों में यह सुनिश्चित करना भी शामिल है कि कर्मचारियों को समय पर वेतन मिले, लंबित एरियर का भुगतान हो, सेवा पुस्तिकाएं अद्यतन रहें, वरिष्ठता सूची समय पर जारी हो तथा क्रमोन्नति एवं पदोन्नति की कार्यवाही निर्धारित समय-सीमा में पूरी हो।उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में कई कर्मचारियों के एरियर प्रकरण लंबे समय से लंबित हैं। कुछ मामलों में क्रमोन्नति के प्रकरण 7–8 वर्षों से अधिक समय से लंबित बताए जा रहे हैं, जबकि संबंधित प्रकरणों के दस्तावेज विभागीय स्तर पर प्रस्तुत किए जा चुके हैं।

समस्या निवारण शिविर और परिवेदना व्यवस्था पर भी सवाल

राघवेंद्र वसूले ने कहा कि शासन द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए समय-समय पर समस्या निवारण शिविर लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के आदेश अनुसार आयोजित किए जाते हैं, लेकिन समय पर शिविर की व्यवस्था ही नहीं की जाती और यदि बात उठाई जाए तो फिर वही आपत्तिजनक तरीका होता है जो नहीं होना चाहिए और जैसे तैसे यदि शिविर लगाया भी गया तो इन शिविरों में प्राप्त आवेदनों पर ही कार्रवाई नहीं होती तो ऐसे शिविरों का उद्देश्य क्या है ?उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं दो-तीन बार समस्या निवारण शिविरों में आवेदन प्रस्तुत किए, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि विभागीय परिवेदना व्यवस्था में आवेदन देने के बाद भी उसके निराकरण की स्पष्ट और प्रभावी समय-सीमा दिखाई नहीं देती।

शिकायतकर्ता को डराना नहीं, जवाबदेही तय करना जरूरी

वसूले ने कहा कि यदि किसी कर्मचारी की शिकायत गलत है तो नियमानुसार उसका निराकरण किया जाए, लेकिन शिकायत वापस लेने के लिए दबाव या धमकी देना किसी भी स्थिति में समस्या का समाधान नहीं है।उन्होंने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था की वास्तविक परीक्षा इस बात से होती है कि वह अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति कितनी संवेदनशील और जवाबदेह है। शिकायत को दबाने से समस्या खत्म नहीं होती, बल्कि समस्या को हल करने से व्यवस्था मजबूत होती है।उन्होंने मांग की कि सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करने वाले लोक सेवकों को शिकायत वापस लेने के लिए कथित रूप से दबाव डालने के मामले में निष्पक्षता से जांच की जाए तथा वर्षों से लंबित क्रमोन्नति, एरियर, वरिष्ठता, सेवा पुस्तिका संधारण और पदोन्नति, नवनियुक्त शिक्षकों के वेतन फिक्सेशन, लंबित एरियर , और 70% 80% 90% वेतन को पूर्ण वेतन दिए जाने की कार्यवाही की संबंधी प्रकरणों की समीक्षा कर उनके निराकरण की समय-सीमा तय की जाए। राघवेंद्र वसूले ने कहा कि यदि कोई कर्मचारी अपने अधिकारों के लिए हर स्तर पर आवेदन करता है, समस्या निवारण शिविर में जाता है, विभागीय परिवेदना प्रस्तुत करता है और अंततः सीएम हेल्पलाइन का सहारा लेता है, तो यह सवाल गंभीरता से पूछा जाना चाहिए कि आखिर वह कर्मचारी बार-बार अपनी समस्या लेकर अधिकारियों के दरवाजे तक पहुंचने के लिए मजबूर क्यों हुआ?उन्होंने कहा कि अब आवश्यकता शिकायतकर्ता की आवाज दबाने की नहीं, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही तय करने की है। लंबित प्रकरणों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की समीक्षा हो और लोक सेवकों को उनके वैधानिक अधिकार निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराए जाएं।

किसानों ने रोका सीएम डॉ. मोहन का काफिला सीएम ने दिए फसल सर्वे कराने के निर्देश

कर्जामाफी, मुआवजा और सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग, प्रेस की अनसुनी कर थोपा एकतरफा भाषण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

रविवार को दोपहर 2.30 बजे प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव के काफिले को स्थानीय सांदीपनी विद्यालय के कार्यक्रम से लौटते समय ग्राम भूली, सिवनी, राजना, भंदारगोंदी, नीलकंठ और कुछ अन्य क्षेत्र के किसानों ने रोक दिया। सांदीपनी विद्यालय कैम्पस के मुख्य द्वार पर एकत्र सैकडों किसान जोर-जोर से नारेबाजी करते हुए सीएम के काफिले के सामने खडे हो गए थे। सीएम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गाड़ी से उतरे और किसानों समस्याएं सुनी।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने पांढुर्णा जिले के किसानों की फसल का सर्वे किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री महोदय के सेक्युरीटी में लगा दल और जिला प्रशासन के बडे अफसर दबाव में आ गए थे। लेकिन जल्द ही सब कुछ ठीक हो गया और मुख्यमंत्री महोदय ग्राम राजना स्थित अपने गुरू श्री विवेक महाराज के आश्रम की ओर प्रस्थान कर गए।

किसानों की वाजिब मांगें

सीएम डॉ.मोहन यादव जैसे राजना जाने के लिए जैसे ही शाला के हॉल से परिसर में निकले किसानों ने उन्हें घेर लिया और फसल मुआवजे की मांग करने लगे। यहां से जैसे-तैसे मुख्यमंत्री महोदय कार में बैठकर आगे निकले लेकिन शालेय कैम्पस के मुख्य द्वार पर खडे किसानों ने इनका काफिला ही रोक दिया। किसान भूली जलाशय प्रभावितों के लिए ग्राम में चौपाल लगाने की मांग कर रहे थेकिसानों ने क्षतिग्रस्त फसल और अल्प वर्षा के चलते हुई क्षति का मुआवजा एवज मुआवजा और पांढुर्णा जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग करते हुए नारेबाजी की। अंततः मुख्यमंत्री ने गाड़ी से उतरकर फ़सल सर्वे के निर्देश जारी किए।

प्रेसवार्ता की जगह एकतरफा भाषण

जिला कार्य समिति की बैठक के बाद जैसे ही मुख्यमंत्री महोदय बाहर निकले वहीं पर छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के पत्रकारों ने 2 मिनट चर्चा करने की मांग करते हुए उन्हें रोक दिया। इसके बाद सीएम ने निरंतर 2 मिनट तक शासकीय योजनओं तारीफ की और निकल लिए। प्रेस को कोई भी सवाल पूछने का मौका ही सीएम ने नहीं दिया बल्कि अपना एकतरफा भाषण उनपर थोंप दिया। छिंदवाड़ा और पांढुर्णा की मीडियाकर्मी मुख्यमंत्री महोदय के इस व्यवहार से आहत हैं। जिला कांग्रेस कमेटी ने भी सीएम को अल्प वर्षा के कारण निकट भविष्य में किसानों के सामने आनेवाली भयावह पेयजल और सिंचाई की समस्या रखते हुए कर्ज माफी और जिले को सूखाग्रस्त घोषित किए जाने की मांग की।



इसके पूर्व मुख्यमंत्री महोदय ने शाला में सीनियर सीटीजनों और माता-पिता विहीन दिव्यांग बालकों से चर्चा की, फल फूल और शाल श्रीफल से उनका सत्कार कर क्षेत्रीय जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री महोदय जिला विकास समिति की बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री महोदय ने कहा कि, आपका 55 वां जिला जरुर है, लेकिन महाराष्ट्र की ओर से आने पर पहला जिला पांढुर्णा लगता है।

इस जिले के विकास के लिए फंड की कमी नहीं होने दी जाएगी। पवित्र जाम सांवली मंदिर निर्माण का अगला चरण जल्द शुरू किए जाने का आश्वासन मुख्यमंत्री ने दिया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने अनेक शासकीय योजनाओं का उल्लेख किया। जिला विकास समिति की बैठक में कलेक्टर निरज कुमार वशिष्ठ ने अब तक हुए विकास कार्यों का लेखा जोखा पेश किया। इस बैठक में सांसद बंटी साहू, पूर्व मंत्री नाना भाऊ मोहोड, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष सौ. वैशाली महाले के अलावा अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

25 किमी पीछा कर पुलिस ने पकड़ी मवेशियों से भरी कार, दो मृत मिले

आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार, आखिर कब रूकेगा गौवंश तस्करी का खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

जिले के नांदनवाड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस और डायल-112 की टीम ने मवेशियों के अवैध परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने खेड़ीकला रोड पर घेराबंदी कर एक जायलो कार को जब्त किया, जिसमें क्रूरतापूर्वक बांधकर ले जाए जा रहे 9 मवेशी बरामद हुए। इनमें से 2 मवेशियों की मौत हो चुकी थी, जबकि 7 जीवित पाए गए।

25 किलोमीटर तक किया पीछा

मामले की जानकारी देते हुए नांदनवाडी चौकी प्रभारी आशिष भीमटे ने बताया कि पुलिस को लावाघोघरी की ओर से पांढुर्णा की तरफ कार में मवेशियों के अवैध परिवहन की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर नांदनवाड़ी पुलिस ने खेड़ीकला रास्ते पर नाकाबंदी की। इसी दौरान एक संदिग्ध जायलो कार आती दिखी। पुलिस ने जब उसे रोकने का इशारा किया, तो चालक ने गति बढ़ा दी और भागने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस और डायल-112 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए वाहन का करीब 25 किलोमीटर तक पीछा किया और आगे घेराबंदी कर उसे रोक लिया।



फरार आरोपियों पर कसेगा शिकंजा!

अंधेरे में भागे तस्कर पुलिस द्वारा चारों तरफ से घेराबंदी देख कार में सवार आरोपी वाहन छोड़कर मौके से अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल व आसपास के इलाके में फरार हो गए। पुलिस टीम ने आसपास के क्षेत्र में सघन सर्चिंग अभियान चलाया, लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग सका। कार में ठूंस-ठूंस कर भरे थे मवेशीजब पुलिस ने जब्त जायलो कार की तलाशी ली, तो अंदर का नजारा खौफनाक था। कार में 9 मवेशियों को इस तरह बेदर्दी से बांधकर रखा गया था कि उन्हें हिलने-डुलने तक की जगह नहीं मिल पा रही थी। दम घुटने और क्रूरता के कारण 2 मवेशियों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

7 मवेशियों को भेजा गोशाला: 7 मवेशियों को भेजा गौशाला, मामला दर्जपुलिस ने प्रशासनिक नियमानुसार मृत दोनों मवेशियों को मौके से हटवाकर दफनाया। वहीं, बचाए गए 7 जीवित मवेशियों को सुरक्षित नजदीकी गौशाला भिजवा दिया गया है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल जायलो कार को जब्त कर लिया है और फरार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

जुआ फड़ पर दबिश, 10 पर कार्रवाई, 2.55 लाख का मशरूका जब्त

छिंदवाड़ा। चौकी उमरानाला पुलिस ने अवैध जुआ-सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुआ फड़ पर दबिश देकर 10 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की। पुलिस ने मौके से 5200 रुपए नकद सहित पांच मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। जब्त मशरूके की कुल कीमत करीब 2 लाख 55 हजार 200 रुपए बताई गई है।पुलिस के अनुसार 3-4 अक्टूबर की मध्यरात्रि उमरानाला क्षेत्र में जुआ फड़ पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान पांच मोटरसाइकिलें और नकदी जब्त की गई। इसी क्रम में ग्राम लिंगा में तीन अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर अवैध रूप से सट्टा-पट्टी लिखते पाए गए तीन सटोरियों के खिलाफ सट्टा एक्ट की धारा 4(क) के तहत कार्रवाई की गई। इनके कब्जे से कुल 1550 रुपए नकद बरामद हुए।कार्रवाई पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा के निर्देशन में डीएसपी सुनील वरकडे व मोहखेड़ थाना प्रभारी संजय भलावी के नेतृत्व में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेश साहू की टीम ने की। टीम में सउनि संतोष बघेल, प्रधान आरक्षक श्याम ठाकरे, आरक्षक संजय राहंगडाले व रोहित वानखेडे शामिल रहे।

वेकोलि अस्पताल का वाटर सप्लायर गायब, मचा हड़कंप

बड़कुही / परासिया: वेस्टर्न कोल फील्डस लिमिटेड (वेकोलि) के केन्द्रीय चिकित्सालय बड़कुही में कार्यरत एक वाटर सप्लायर गुरुवार से लापता है । अस्पताल में सभी कर्मचारियों की ई - अटेंडेंस लगती है । उक्त कर्मचारी ने बायोमेट्रिक मशीन के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करवाया , लेकिन ड्यूटी पूरी होने पर बायोमेट्रिक मशीन से आउटिंग नहीं हुई है । वहीं दोपहर से उक्त कर्मचारी को अस्पताल परिसर अथवा कार्य स्थल पर किसी ने नहीं देखा है । कर्मचारी के गायब होने संबंधित मामले को लेकर बड़कुही में हड़कप मचा है । बड़कुही निवासी वाटर सप्लायर एक कर्मचारी गुरुवार को ड्यूटी पर आया , लेकिन वापस नहीं लौटा । बायोमेट्रिक मशीन से उसकी आउटिंग दर्ज नहीं हुई । वहीं शुक्रवार को अवकाश रहा । शनिवार को भी उक्त कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर नहीं पहुंचने पर श्रम संगठन बीएमएस ने मामले को सीएमओ के समक्ष रखा । जिसके बाद उक्त लापता कर्मचारी की तलाश शुरू हुई । सीएमओ ने उक्त मामले से जल प्रदाय विभाग के प्रभारी से लिखित स्पष्टीकरण मांगा है । उक्त लापता कर्मचारी कहां हैं ? वो ड्यूटी पर क्यों नहीं मौजूद रहा ? गुरुवार को उक्त कर्मचारी की बायोमेट्रिक मशीन में आउटिंग दर्ज क्यों नहीं हुई ? बीएमएस के महामंत्री निखलेश राहा कहते हैं , कि कर्मचारी का अचानक कार्यस्थल से गायब होना कामगार की सुरक्षा पर बड़ा सवाल उत्पन्न करता है । बिना बताए निजी अथवा कंपनी के कार्य से भी उक्त कर्मचारी का कार्यस्थल से बाहर जाना उचित नहीं है । लापता कर्मचारी की सुरक्षित जानकारी नहीं मिलती है , तो प्रबंधन उसकी गुमशुदगी दर्ज कार्रवाई जानी चाहिए ।

भाजपा पार्षद की हुई शिकायत, तो पार्षद ने भी की शिकायत

दोनों ने एक दूसरे पर गाली-गलौच करने, धमकी देने के लगाए आरोप





हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

न्यूटन पुलिस चौकी में शनिवार 3 अक्टूबर को वार्ड 9 से भाजपा पार्षद जयंत राय की शिकायत चिखली बस्ती वार्ड 2 निवासी पवन साहू ने की , तो उसके बाद पार्षद जयंत राय ने भी पवन साहू के खिलाफ शिकायत की है। दोनों ने एक दूसरे पर गाली - गलौच करने , धमकी देने के आरोप लगाए हैं । दोनों पक्ष सत्तारूढ़ भाजपा से जुड़े हैं । अब देखना यह है , कि पुलिस इस मामले को कैसे हैंडल करती है। दरअसल मामला एक मारुती स्विफ्ट कार से जुड़ा है , जो रघुनन्दन परतेती की बताई जा रही है । कार मालिक ने अपनी कार जयंत राय को दी थी , जयंत राय के अनुसार उसके पास कार खड़ी रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं होने से उसने कार को आशीष यदुवंशी के यहां रखा था । पवन साहू ने अपनी शिकायत में कहा , कि उसकी भतीजी को सांप ने काट लिया था , जिसका इलाज छिंदवाड़ा में जारी है , जिसके देखने जाने के लिए उसने आशीष से वाहन मांगा , तो आशीष ने जयंत से अनुमति लेने को कहा , अनुमति मिलने के बाद पवन अपने परिवार वालों के साथ छिंदवाड़ा अस्पताल गया , जहां कार की किश्त बाउंस होने के चलते फाइनेंस कंपनी के लोग कार लेकर चले गए । पवन का आरोप है , कि जब उसने यह जानकारी जयंत को दी तो वह नाराज हुआ और उसके घर आकर 3. 50 लाख रूपये मांगने लगा , घर में मौजूद उसकी माँ और पत्नी को गाली - गलौच की , साथ ही मुझे मारने की धमकी दी ।

मोटरसाइकिल चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, 1.20 लाख की दो बाइक बरामद

छिंदवाड़ा। कुंडीपुरा थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 1 लाख 20 हजार रुपए कीमत की दो चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।पुलिस के अनुसार 3 अक्टूबर को अरुण पिता कृपाराम मर्सकोले उम्र 36 वर्ष, निवासी बारंगा थाना उमरेठ, हाल खापाभाट मोहरली रोड थाना कुंडीपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि 30 सितंबर की रात करीब 9 से 12 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति उसके घर के आंगन से हीरो फैशन प्रो मोटरसाइकिल क्रमांक MP28.MM.7062 चोरी कर ले गया। बाइक की कीमत करीब 80 हजार रुपए बताई गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।जांच के दौरान पुलिस ने 4 अक्टूबर को संदीप पिता मधु सरेयाम उम्र 34 वर्ष, निवासी सिद्धीविनायक वार्ड 10 खापाभाट तथा दिनेश पिता महादेव विश्वकर्मा उम्र 32 वर्ष, निवासी सिद्धीविनायक वार्ड 10 खापाभाट को पकड़ा। पूछताछ में दोनों ने मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने 2 अक्टूबर को लालबाग क्षेत्र से एक बिना नंबर की टीवीएस मोटरसाइकिल चोरी कर अभिमन्यु होटल के पास खंडहर की झाड़ियों में छिपाना भी बताया। पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर कुल 1.20 लाख रुपए कीमत की दो मोटरसाइकिलें बरामद कीं।इनकी रही भूमिकाकार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र भगत, धरमटेकड़ी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक दिनेश सिंह बघेल, प्रधान आरक्षक 407 अरुण शर्मा, आरक्षक 500 आलम खान, आरक्षक 426 चंद्रपाल सिंह बघेल और आरक्षक 1086 चंद्र कुमार दहिया की सराहनीय भूमिका रही।



आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सफाई कर्मियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज, छिंदवाड़ा। सेवा संकल्प अभियान के तहत गांधी जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा वार्ड 42 में स्वच्छता अभियान सहित विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया गया।स्वच्छता ही सेवा, सेवा मेरा योगदानश का शुभारंभ किया गया।।साथ ही वार्ड की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का और नगर पालिक निगम के सफाई कर्मियों का सम्मान किया गया। अभियान वरिष्ठ नेता विजय झांझरी के मार्गदर्शन में सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है और प्रत्येक व्यक्ति को इसे अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। हमें स्वच्छ भारत बनाने के लिए अपने क्षेत्र को स्वच्छ रखना होगा। तब ही क्षेत्र से पूरे देश में स्वच्छता का संदेश जाएगा और हमेश देश स्वच्छ रहेगा। पार्षद संदीप सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर में चलाए गए स्वच्छता अभियान का सकारात्मक प्रभाव समाज में दिखाई दे रहा है। वर्तमान समय में प्रत्येक व्यक्ति के लिए स्वच्छता को अपनाना आवश्यक है। जिस स्थान पर हम रहते हैं, वहां स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने से समाज और नगर को व्यापक लाभ मिलता है।

खापाखुर्द में मनरेगा पुलिया निर्माण पर सवाल, भ्रष्टाचार छिपाने की कोशिश, बाहर से बुलाए मजदूरों से कराया काम

जांच लंबित थी, फिर भी पुलिया पर डाल दिया स्लैब

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

जनपद पंचायत तामिया की ग्राम पंचायत खापा खुर्द में मनरेगा से बनाई गई पुलिया एक बार फिर सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिया निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत और जांच के आदेश के बावजूद संबंधित विभाग ने तकनीकी जांच पूरी होने का इंतजार नहीं किया।

आरोप है कि जांच के नाम पर पुलिया की वास्तविक गुणवत्ता और निर्माण में इस्तेमाल सामग्री की स्थिति सामने आने से पहले ही उसके ऊपर स्लैब डलवा दिया गया। इससे अब पुलिया में हुई कथित अनियमितताओं को छिपाने के आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक पुलिया निर्माण में इस्तेमाल की गई सामग्री की गुणवत्ता, सरिया की स्थिति और निर्माण की तकनीकी प्रक्रिया को लेकर पहले से सवाल उठ रहे थे। उनका कहना है कि यदि जांच के दौरान पुलिया की खुदाई कर अंदर की वास्तविक स्थिति देखी जाती तो निर्माण की गुणवत्ता का स्पष्ट आकलन हो सकता था। लेकिन इसके बजाय पुलिया पर स्लैब डाल दिया गया। ग्रामीणों का दावा है कि स्लैब में सरिया की दूरी भी कई जगह स्पष्ट दिखाई दे रही है। वहीं रेत और गिट्टी की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।



बाहर से बुलाए मजदूर, स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी

ग्रामीणों का आरोप है कि स्लैब डालने के लिए स्थानीय मजदूरों के बजाय करीब 40 किलोमीटर दूर ग्राम धूसावानी से मजदूर बुलाए गए। ग्रामीण इसे भी जांच के दौरान उठने वाले सवालों से जोड़कर देख रहे हैं। उनका कहना है कि मनरेगा कार्य में स्थानीय मजदूरों को रोजगार मिलना चाहिए, लेकिन यहां बाहर से मजदूर बुलाकर काम कराया गया। इससे स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार से वंचित होना पड़ा और उनमें नाराजगी है।ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाया है कि बाहर से आए मजदूरों को भुगतान किस माध्यम से किया गया और निर्माण सामग्री का खर्च किसने वहन किया। आरोप है कि कार्य के दौरान मस्टर रोल जारी होने और मजदूरों की उपस्थिति को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। सरपंच-सचिव को भी भुगतान एवं निर्माण सामग्री की व्यवस्था से संबंधित पूरी जानकारी नहीं होने का दावा ग्रामीण कर रहे हैं।

जांच के बीच निर्माण पर उठे सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि जब पुलिया की शिकायत की जांच लंबित थी, तब उसके ऊपर कंक्रीट का कार्य किसके निर्देश पर कराया गया? यदि जांच के दौरान निर्माण को यथास्थिति में रखना जरूरी था तो स्लैब डालने की अनुमति किस स्तर से मिली? ग्रामीणों ने पूरे मामले की दोबारा तकनीकी जांच कराने की मांग की है।उनका कहना है कि पुलिया पर आज भी कई स्थानों पर दरारें दिखाई दे रही हैं। कुछ जगह कंक्रीट में बड़े बोल्डर नजर आने का भी दावा किया जा रहा है। ऐसे में सवाल यह है कि जांच के दौरान इन तकनीकी खामियों पर ध्यान क्यों नहीं दिया गया।ग्रामीणों ने कलेक्टर के निर्देशों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच और जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका तय करने की मांग की है। उनका कहना है कि पुलिया की गुणवत्ता, मस्टर रोल, मजदूरों के भुगतान, निर्माण सामग्री की खरीदी और स्लैब डलवाने की अनुमति से जुड़े सभी दस्तावेजों की जांच होने पर ही वास्तविक स्थिति सामने आ सकेगी।

बेरडी में वार्षिक अखंड हरिनाम सप्ताह पर गहराया संकट

भगवान पंढरीनाथ के भक्तों का प्रशासन के खिलाफ आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

ग्राम बेरडी स्थित प्रसिद्ध श्री पंढरीनाथ मंदिर का पश्चिमी द्वार एवं संपर्क मार्ग संबंधित भूमि स्वामी द्वारा बंद किए जाने से क्षेत्र के श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में भारी असंतोष व आक्रोश व्याप्त है। प्रशासन ने चार माह पूर्व दिए आश्वासन वह आज तक अधर में लटका हुआ है। जिससे कानून-व्यवस्था बिगड़ने की गंभीर आशंका बन गई है। आगामी 22 से 29 अक्टूबर तक मंदिर परिसर में भव्य 'अखंड हरिनाम सप्ताह' का आयोजन होना है। इस धार्मिक महोत्सव में मध्य प्रदेश और



महाराष्ट्र सहित देशभर से लाखों की संख्या में वारकरी संप्रदाय के अनुयायी, संत-महात्मा व श्रद्धालु पंढरीनाथ महाराज के दर्शन हेतु जुटते हैं।मिली जानकारी के अनुसार बेरडी स्थित माहेश्वरी चौक से मंदिर तक जाने वाला पारंपरिक 600 मीटर लंबा मुख्य मार्ग घनी आबादी के बीच से गुजरता है और अत्यंत संकरा है। ऐसे में लाखों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पश्चिमी मार्ग ही एकमात्र सुरक्षित विकल्प है। सप्ताह आयोजन के दौरान किसी भी समय भगदड़ या दुर्घटना जैसी स्थिति निर्मित हो सकती है।

प्रशासन के अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

उल्लेखनीय है कि चार माह पूर्व मार्ग बंद किए जाने पर सेकड़ो हरिभक्तों व ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया था। तब अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया था, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस पहल न होने से अब शासन-प्रशासन के खिलाफ जन-आक्रोश चरम पर है। पंढरीनाथ मंदिर सेवा समिति, अखंड हरिनाम सप्ताह समिति सामाजिक-धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि लोगों की धार्मिक भावनाओं और आस्था पर आघात होने से पहले प्रशासन ने हस्तक्षेप करना चाहिए।

बंद स्ट्रीट लाइटों से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा

नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग स्ट्रीट लाइट को शुरू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

नगर के प्रमुख नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर लगी सौर ऊर्जा (सोलर) संचालित स्ट्रीट लाइटें विगत कई दिनों से बंद पड़ी हैं। इसके कारण शाम ढलते ही पूरा मार्ग अंधेरे में डूब जाता है, जिससे राहगीरों, स्कूली छात्र-छात्राओं और दोपहिया वाहन चालकों को आए दिन हादसों का शिकार होना पड़ रहा है।

विडंबना यह है कि इसी मार्ग से प्रतिदिन प्रशासनिक अधिकारियों और राजनीतिक दलों के नेताओं का आवागमन होता है, फिर भी इस गंभीर जनसमस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विशेष रूप से श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से बेलगांव तक का मार्ग शाम होते ही पूरी तरह अंधेरे की आगोश में आ जाता है।

इस क्षेत्र में कई बड़ी रहवासी कॉलोनियां,बैंक, मार्केट अस्पताल, मंदिर और प्रमुख कोचिंग संस्थान स्थित हैं, जहां देर शाम तक लोगों और विद्यार्थियों की भारी आवाजाही बनी रहती है।

रोशनी न होने से विशेषकर महिलाओं और बच्चों को सुरक्षा का भय सताता रहता है। नगर के सबसे व्यस्ततम श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक के पास लगी स्ट्रीट लाइटें भी शाम होते ही बंद रहती हैं। इस मुख्य चौराहे के समीप बैंक, बस स्टैंड, स्कूल और होटल होने से हमेशा चहल-पहल रहती है। नागरिकों द्वारा संबंधित विभाग को शिकायत करने के बावजूद अब तक सुधार कार्य शुरू नहीं किया गया है।



शीघ्र सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनी

मामले में युवा नेता अनमोल आकोटकर ने कहा कि जिम्मेदार विभाग किसी बड़ी अप्रिय घटना या दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। उन्होंने मांग की है कि कोई बड़ा हादसा होने से पहले छिंदवाड़ा मार्ग से टू बेलगांव तक बंद पड़ी सभी सोलर स्ट्रीट लाइटों को तत्काल दुरुस्त कर शुरू किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।



अज्ञात बदमाशों ने काटी किसान की कपास की फसल

सौंसर। ग्राम बडोसा में एक किसान की मेहनत पर अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा पानी फेरने का मामला सामने आया है। खेत में लगी कपास की फसल को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा काटकर नष्ट कर दिया गया, जिससे पीड़ित किसान को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है। मामले की जानकारी देते हुए पीड़ित किसान सूरज गुलाब मारबोते बडोसा) ने बताया कि उनकी कृषि भूमि ग्राम बडोसा में स्थित है, जहां उन्होंने इस वर्ष कपास की फसल बोई थी। रविवार, की दोपहर लगभग 4 बजे के करीब अज्ञात आरोपी चोरी-छिपे उनके खेत में घुसे और कपास के पौधों को काटकर भारी नुकसान पहुंचा दिया।जब किसान खेत पहुंचा, तो काटी गई फसल देखकर उसके होश उड़ गए। कड़ी मेहनत और लागत से तैयार की गई फसल के इस तरह नष्ट हो जाने से पीड़ित किसान बेहद परेशान है। घटना के बाद पीड़ित किसान ने पुलिस चौकी सौंसर पहुंचकर पुलिस थाना प्रभारी को लिखित शिकायत आवेदन सौंपा है।पीड़ित किसान ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाही की मांग की है।

पिंडरई डबीर के वरिष्ठ शिक्षक बद्री प्रसाद वर्मा 36 साल की सेवा के बाद हुए रिटायर, विदाई गीत पर छलकीं आंखें



सिंगोड़ी:- शासकीय माध्यमिक शाला पिंडरई डबीर के वरिष्ठ शिक्षक बद्री प्रसाद वर्मा आज 36 वर्ष की गौरवशाली सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विद्यालय में भव्य स्वागत-सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया।श्री वर्मा ने वर्ष 1986 में मनकादेही शासकीय स्कूल से अपने शिक्षकीय जीवन की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने सिंगोड़ी के समीप ग्राम खमीढीरा में 34 वर्षों तक निरंतर शिक्षा की अलख जगाई और अंतिम 2 वर्ष उन्होंने पिंडरई डबीर माध्यमिक शाला में सेवा देकर आज सेवानिवृत्त हुए।समारोह का सबसे भावुक क्षण तब आया जब स्कूल के बच्चों ने उनके लिए विदाई गीत प्रस्तुत किया। गीत के बीच में ही बच्चे भावुक होकर रो पड़े और शिक्षक से लिपट गए। इस दृश्य को देखकर वहां मौजूद ग्रामीणों, छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की आंखें भी नम हो गईं। इस अवसर पर ग्रामीणों, छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने श्री वर्मा को एक आदर्श शिक्षक बताते हुए शॉल-श्रीफल और पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत-सत्कार किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ओ एस बरकडे सेवानिवृत प्राचार्य, बापू सिंह शीलू सेवानिवृत प्राचार्य, नरेश साहू, अनीस मंसूरी, सफीक मंसूरी, जय डेहरिया, संदीप सराठे, रवि शंकर सिरसाम, देवेंद्र सिंगोड़ी, बेनीराम गोहिया, सुजाता डोंगरे, रुबीना मंसूरी, लता मौर्य, मर्सकोले मैडम, लक्ष्मी सिंगोड़ी, हसीबुन निशा मंसूरी, रूही शबनम, अनुराग सोनी, टीकाराम डेहरिया, प्राथमिक शाला पिंडरई डबीर के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

शिविर में 513 आवेदन हुए प्राप्त, 23 स्लॉट में सुनी गई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

सेवा सेतु अभियान,सेवा सकल्प अभियान सरकार आपके द्वार अतर्गत नगर पालिका कार्यालय प्रांगण में महाशिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आवेदन प्राप्ति हेतू स्टाल लगाकर नगर वासियों की समस्याएं में सुनी गई और उनका निदान किया गया। शिविर में नगर पालिका जुन्नारदेव, राजस्व विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य विभाग(आशा), विधुत विभाग जुन्नारेदव, शिक्षा विभाग, शासकीय आईटीआई, लोक स्वस्थ्य यांत्रिकी विभाग जुन्नारेदव, लोक सेवा केन्द्र जुन्नारदेव सहित अन्य सोसाइटी समूह द्वारा स्टाल लगाये गये



तथा शिविर में आने वाले योजना के लाभ से वंचित हितग्राहियो के आवेदन पंजीयन कर हितग्राहियो को त्वरित लाभ प्रदाय किया गया। उक्त शिविर में प्रधानमंत्री आवास, स्वनिधि, संबल, राशन पात्रता पर्ची, विभिन्न प्रकार की पेंशन आदि योजनाओ से संबधित 513 आवेदन प्राप्त किये गये, जिसमें अधिक से अधिक प्राप्त आवेदनो का निराकरण किया गया। शिविर में भारी संख्या में जन समुदाय की उपस्थिति रही नपा अधिकारी नेहा धुर्वे एवं जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों, आमजनों का पुष्प वर्षा से किया स्वागत। सेवा सेतु अभियान कार्यक्रम को विभिन्न व्यक्ताओ ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक नत्थनशाह कवरेती, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सलोडे, नगर पालिका उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, प्रभारी भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष सपना पाल, विष्णु प्रसाद शर्मा, अपील समिति सदस्य संजय जैन, सभापति नीता शरद कुरोलिया, लता देवेन्द्र टांडेकर, दीप्ती कांता साहू, सीमा कैलाश चौरसिया, अमित कुमार यादव, पार्षद प्रमोद बंदेवार, राजेन्द्र सूर्यवंशी, प्रमिला पाल, उर्मिला आम्रवंशी, गीता वाईकर, सुमन संतोष यादव, अरूणेश जायसवाल, मनोनित पार्षद अनिरूद्ध चटर्जी, रंजिता बछलिया, राहुल सिंह अमूले, विशेष चौरसिया, भारत भूषण आरोरा, जनप्रतिनिधिगण राजेश श्रीवस्ताव आदि मोजूद रहे।

कोचिंग के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित



जुन्नारदेव। नगर के रुद्र कोचिंग क्लासेस के छात्र छात्राओं ने बैतूल जिले में स्थित बालाजीपुरम मंदिर का भ्रमण कर वहां की धार्मिक, सांस्कृतिक सुंदरता का आनन्द लिया। बच्चों के द्वारा मंदिर परिसर में स्थित वैष्णो देवी गुफा, 12 ज्योतिर्लिंग मंदिर, संतोषी माता मंदिर, बगलामुखी माता, बमलेश्वरी माता के मंदिर का भ्रमण करने के पश्चात बालाजी मंदिर के दर्शन कर पूजन अर्चन किया। कोचिंग संचालक धर्मेंद्र मालवीय ने बताया कि प्रतिवर्ष छात्र छात्राओं में मानसिक तनाव को दूर करने के लिए छात्र-छात्राओं को शैक्षिणक गतिविधियों के अलावा पिकनिक टूर पर ले जाया जाता है जिससे वे संस्कृति एवं प्राकृतिक सुंदरता से परिचित हो सके।

बिरसा-बैहर के 57 गांवों में स्वास्थ्य विभाग का सघन अभियान जारी, आज 05 बच्चे हुए डिस्चार्ज

40,835 बच्चों का हुआ टीकाकरण, 705 बच्चों की घर वापसी

जिले के बिरसा एवं बैहर क्षेत्र के 57 ग्रामों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य सर्वेक्षण एवं उपचार अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इन गांवों में सर्दी-खांसी, बुखार, चर्मरोग, मीजलस, स्कैबीज, मलेरिया सहित विभिन्न मौसमी एवं अन्य बीमारियों की जांच और उपचार किया जा रहा है।

04 अक्टूबर तक 47,928 लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। जांच के दौरान सर्दी-खांसी एवं बुखार के 6,165, मलेरिया के 1,083, दाने के साथ बुखार के 511 तथा चर्मरोग के 255 मरीज चिन्हित किए गए। कुल 8,014 मरीजों में से 7,282 का उपचार घर पर किया गया, जबकि 732 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से उपचार के बाद 705 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं और 27 मरीजों का उपचार जारी है। 04 अक्टूबर को एहतियात के तौर पर 05 नये मरीज भर्ती किये गए और 05 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया।

अभियान के तहत बीमार लोगों की जांच और उपचार के लिए 6 पीएम जनमन एएमएमयू, 18 चिकित्सा अधिकारी तथा मरीजों को अस्पताल पहुंचाने के लिए 12 एम्बुलेंस लगाई गई हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांवों में लगातार भ्रमण कर मरीजों की जांच एवं आवश्यक उपचार उपलब्ध करा रही हैं। घर-घर सर्वे के दौरान बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अब तक 1,471 बच्चों को विटामिन-ए की खुराक, ओआरएस एवं जिंक टैबलेट वितरित की गई है। वहीं 1,168 बच्चों को आयरन सिरप और 1,276 बच्चों को अल्बेंडाजोल की टैबलेट दी गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान के तहत अब तक 905 सत्र आयोजित किए गए हैं। इन सत्रों में कुल 40,835 बच्चों का टीकाकरण किया जा चुका है। मलेरिया एवं अन्य मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है। आज 75 ग्रामों के 9,059 मकानों में कीटनाशक का छिड़काव किया गया। वहीं 45 ग्रामों के 8,653 घरों में इनडोर एवं आउटडोर फॉगिंग कराई गई।

स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रभावित ग्रामों में लगातार निगरानी रखते हुए घर-घर सर्वे, जांच, उपचार, दवा वितरण और टीकाकरण का कार्य कर रही हैं। बच्चों एवं अन्य मरीजों के स्वास्थ्य की स्थिति पर विशेष नजर रखी जा रही है।

सेवा मेरा योगदान अभियान के तहत शिविर आयोजित, 252 आवेदन प्राप्त पीएम स्वनिधि हितग्राहियों को वितरित किए हितलाभ

बालाघाट

04 अक्टूबर 2026। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद, बालाघाट परिसर में "सेवा मेरा योगदान अभियान" के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य जिले के विभिन्न विभागों द्वारा प्रदान की जाने वाली शासकीय सेवाओं का लाभ नागरिकों को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना, उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करना और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना रहा।

शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 252 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों के निराकरण एवं आवश्यक कार्यवाही के लिए संबंधित विभागों द्वारा नागरिकों को मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। शिविर के दौरान पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए। साथ ही पात्र हितग्राहियों को क्रेडिट कार्ड प्रदान किए गए। नागरिकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं शासकीय सेवाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, बालाघाट कलेक्टर श्री कुमार सत्यम, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष श्री योगेश बिसेन सहित समस्त पार्षदगण की उपस्थिति रही।

शिविर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाने, उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा जनसेवा की भावना को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रहा।

बिरसा के वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का सम्मान कर मनाया सेवा मेरा योगदान दिवस

बालाघाट 04 अक्टूबर 2026। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देश पर संचालित संकल्प सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत "सेवा मेरा योगदान" कार्यक्रम के तहत बिरसा के कैंडाटोला स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद की टीम ने बुजुर्गों से आत्मीय संवाद कर उनका हालचाल जाना और उनके साथ समय बिताया।

इस अवसर पर बुजुर्गों को तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया गया। साथ ही फल, मिठाई, बिस्किट एवं दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। बुजुर्गों ने भी उपस्थित लोगों को आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम में जन अभियान परिषद बालाघाट के जिला समन्वयक महेश पटले ने कहा कि बुजुर्ग किसी भी परिवार और समाज की अमूल्य धरोहर होते हैं। उनका जीवन अनुभव आने वाली पीढ़ियों को मार्गदर्शन देता है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण पहचान है और उनके अनुभव एवं आशीर्वाद परिवार तथा समाज के लिए अमूल्य हैं।वृद्धाश्रम में मौजूद बुजुर्गों से जन अभियान परिषद की टीम ने आत्मीय बातचीत की तथा उनके सुख-दुख साझा किए। इस दौरान बुजुर्गों के चेहरों पर खुशी नजर आई।कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक स्वर्णालता चोपड़ा, समाजसेवी प्रकाश डहरवाल, वृद्धाश्रम संचालक नरेंद्र हनवत, परामर्शदाता वर्षा ठाकुर, सुनील पापड़े, सीता मराठे, भानु प्रताप सिंह मरकाम, डॉ. सुधनवा सिंह नेताम सहित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम में अध्ययनरत महाविद्यालयीन छात्र उपस्थित रहे। समाजसेवियों ने भी कार्यक्रम में सहयोग किया।

जन अभियान परिषद की टीम ने संकल्प लिया कि समय-समय पर वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों की सेवा और उनसे संवाद किया जाएगा। साथ ही समाज में बुजुर्गों के सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि जन अभियान परिषद द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता, वृक्षारोपण, नशामुक्ति और सेवा भावना से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जिले में 7.22 लाख से अधिक हितग्राहियों को दवा खिलाने का लक्ष्य

5.98 लाख बच्चे और 1.23 लाख महिलाएं होंगी लक्षित

बालाघाट

04 अक्टूबर 2026। जिले में राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस 2026-27 का आयोजन 6 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा। अभियान के तहत दवा सेवन से छूटे हुए हितग्राहियों को कृमिनाशक दवा खिलाने के लिए 9 अक्टूबर को मॉप-अप दिवस आयोजित होगा।

अभियान का उद्देश्य बच्चों एवं प्रजनन आयुवर्ग की गैर-गर्भवती महिलाओं में कृमि संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण करना है।

जिले में 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 5,98,827 बच्चों तथा 20 से 49 वर्ष आयु वर्ग की 1,23,828 गैर-गर्भवती महिलाओं को कृमिनाशक दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस प्रकार जिले में कुल 7,22,647 हितग्राहियों को अभियान से लाभान्वित करने का लक्ष्य है।

स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से विद्यालयों, निजी स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों एवं अन्य लक्षित संस्थानों में पात्र हितग्राहियों को निर्धारित कृमिनाशक दवा का सेवन कराया जाएगा। आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, सीएचओ, शिक्षक एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी अभियान के क्रियान्वयन और निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

कृमि संक्रमण बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं शारीरिक विकास को प्रभावित कर सकता है। संक्रमण के कारण पेट दर्द, भूख में कमी, कमजोरी, थकान, एनीमिया एवं कुपोषण जैसी समस्याएं हो सकती हैं। लंबे समय तक संक्रमण रहने पर बच्चों की पढ़ाई, एकाग्रता एवं दैनिक गतिविधियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

कृमिनाशक दवा के सेवन से आंतों में मौजूद कृमियों को नियंत्रित करने में मदद मिलती है तथा पोषक तत्वों के बेहतर उपयोग, स्वस्थ शारीरिक विकास और सामान्य स्वास्थ्य में सुधार में सहायता मिलती है।

कृमि संक्रमण से बचाव के लिए बच्चों को खाने से पहले एवं शौचालय के बाद साबुन से हाथ धोने, साफ पानी पीने, नाखून छोटे एवं साफ रखने, खुले में शौच से बचने तथा फल-सब्जियों को अच्छी तरह धोकर खाने की आदत डालना जरूरी है।6 अक्टूबर को यदि कोई पात्र हितग्राही किसी कारणवश कृमिनाशक दवा का सेवन नहीं कर पाता है, तो उसे 9 अक्टूबर के मॉप-अप दिवस पर दवा खिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने सभी संबंधित विभागों एवं मैदानी अमले को अभियान के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप हितग्राहियों तक पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों, शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आमजन से अपील की है कि 6 अक्टूबर को पात्र बच्चों को कृमिनाशक दवा का सेवन अवश्य कराएं और जो हितग्राही दवा लेने से वंचित रह जाएं, उन्हें 9 अक्टूबर को मॉप-अप दिवस के दौरान दवा दिलाना सुनिश्चित करें।

मलांजखण्ड में सेवा सेतु शिविर आयोजित, 441 आवेदन पंजीकृत और 151 हितग्राहियों को मिला लाभ

बालाघाट 04 अक्टूबर 2026। नगर पालिका परिषद मलांजखण्ड द्वारा 'सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार' के तहत 4 अक्टूबर 2026 को वार्ड क्रमांक 04 मोहगांव स्थित नगर पालिका कार्यालय परिसर में विशाल मेगा 'सेवा सेतु शिविर' का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करना रहा।शिविर में आयुष्मान भारत, पीएम स्वनिधि, लाड़ली लक्ष्मी, उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा, ई-श्रम, पेंशन योजनाओं, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), स्वास्थ्य जांच सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सेवाएं एवं जानकारी नागरिकों को उपलब्ध कराई गई।सेवा सेतु शिविर के दौरान कुल 441 आवेदन आरसीएमएस पोर्टल पर पंजीकृत किए गए। इनमें से 151 हितग्राहियों को मौके पर ही विभिन्न योजनाओं के तहत हितलाभ प्रदान किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नागरिकों को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी दी गई।शिविर में नगर पालिका परिषद मलांजखण्ड के अध्यक्ष श्री मानसिंह मेरावी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैहर श्री अनिकेत शांडिल्य (आईएएस), तहसीलदार बिरसा सुश्री बबीता सूर्या, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बिरसा श्री नितिन भट्ट सहित नगर पालिका के समस्त सभापति एवं पार्षद तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा पात्रता के अनुसार योजनाओं में आवेदन करने की अपील की है। शिविर के माध्यम से नागरिकों को शासकीय सेवाएं उनके नजदीक उपलब्ध कराने और समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में प्रयास किया गया।

खबर संक्षेप

विशेष ग्राम सभाओं में जल अर्पण दिवस के रूप में मनाया गया जल महोत्सव

हरिभूमि न्यूज सिवनी। गांधी जयंती के अवसर पर जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड सिवनी के कार्यपालन यंत्री के निर्देशानुसार इन ग्राम सभाओं में जल अर्पण दिवस को जल महोत्सव के रूप में मनाया गया। इस दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण, स्वच्छ जल के उपयोग तथा जलजनित बीमारियों की रोकथाम के संबंध में जागरूक किया गया। जल महोत्सव के अंतर्गत सिवनी विकासखंड की ग्राम पंचायत छुई, केवलारी विकासखंड की ग्राम पंचायत कालोनीखापा के ग्राम तुरगा एवं ग्राम पंचायत मोहगांव रैयत, कुरई विकासखंड की ग्राम पंचायत घटकोहका एवं ग्राम हरदुली, छपारा विकासखंड की ग्राम पंचायत डागवानी तथा लखनादौन विकासखंड के ग्राम मोहगांव गुजर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं।

गुरुकुल मंदिर प्रांगण में क्षमावाणी पर्व का आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। वर्षों से चले रहे आपसी कलुषता एवं मनभेदो का रामबाण आयुर्वेदिक उपचार क्षमा धर्म ही है उक्त सूत्र को आत्मसात करते हुए विगत दिवस सिवनी लुघरवाड़ा स्थित श्री दिगम्बर जैन पारसनाथ गुरूकुल मंदिर जी के विशाल प्रांगण में क्षमा वाणी पर्व का आयोजन में उपस्थित जन समुदाय ने आपस में बैर,भूल एवं मतभेदों का शमन करते हुये आपस में एक दूसरे से क्षमा याचना कर अपने अपने मन पवित्र किये। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में गुरूकुल कमेटी ट्रस्ट द्वारा आयोजित क्षमावाणी महोत्सव में मध्यान्ह 3 बजे से भव्य पाण्डुक पीठ पर भगवान मुनिसुव्रत नाथ स्वामी का महाभिषेक किया गया जिसमें जिनशासन के महान प्रभावक आचार्य क्रमशः आचार्य शांतिसागर, आचार्य महाराज विद्यासागर, आचार्य सन्मतिसागर,आचार्य समयसागर , एवं आचार्य विशुद्धसागर महाराज के मांगलिक नाम से प्रतिष्ठित कलशों से महाभिषेक का भव्य आयोजन किया गया।

चातुर्मास के बाद पहली बार सिवनी पधारेंगे शंकराचार्य सदानंद सरस्वती जी महाराज

हरिभूमि न्यूज सिवनी। धर्मनगरी सिवनी के लिए एक विशेष आध्यात्मिक अवसर आने वाला है। जगद्गुरु शंकराचार्य सदानंद सरस्वती जी महाराज का चातुर्मास के पश्चात सिवनी में प्रथम आगमन हो रहा है। पूज्य महाराज श्री का दो दिवसीय प्रवास निर्धारित है। वे 5 अक्टूबर सोमवार को शाम 5 बजे सिवनी पहुंचेंगे और 6 अक्टूबर को पूरे दिन सीलादेही स्थित सहज संतोष आश्रम के राधाकृष्ण मंदिर में भक्तों एवं श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज के आगमन को लेकर शंकराचार्य शिष्य मंडल एवं धर्मप्रेमी समाज में विशेष उत्साह है।

अंधी हत्या की गुत्थी सुलझी, कुरई पुलिस का बड़ा खुलासा, सगी मां एवं मामा ही निकले हत्या के आरोपी

मृतिका की हत्या कर शव को मक्के के खेत में फेंककर दुर्घटना का रूप देने का प्रयास
तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बरघाट ललित गठरे के सतत एवं प्रभावी मार्गदर्शन में थाना कुरई पुलिस द्वारा ग्राम सतोसा में हुई अंधी हत्या के मामले का त्वरित पर्दाफाश करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई। दिनांक 30/09/2026 की सुबह थाना कुरई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सतोसा स्थित मक्के के खेत में एक अज्ञात महिला का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा हुआ है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिवनी द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मृतिका के शरीर पर चोटों के निशान एवं विद्युत करंट से झुलसने के निशान पाए गए। घटनास्थल के निरीक्षण के उपरांत मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई। मर्ग जांच के दौरान घटनास्थल के आसपास के ग्रामों एवं रिसॉर्टों में सघन जांच की गई तथा विभिन्न रिसॉर्टों से उनके कर्मचारियों की सूची प्राप्त कर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ एवं उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई।

मृतिका की पहचान -जांच के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मुस्कान उईके नाम की एक युवती, निवासी ग्राम सतोसा, ग्राम आवरघनी स्थित रामधाम रिसॉर्ट (आलिव रिसॉर्ट) में कार्य करती है तथा उसका हुलिया अज्ञात मृतिका से मिलता-जुलता है। मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम द्वारा उक्त रिसॉर्ट से जानकारी प्राप्त की गई, जिसमें पता चला कि ग्राम सतोसा निवासी मुस्कान उईके दिनांक 28/09/2026 की शाम से काम पर जाने के बाद वापस काम पर नहीं आई थी।

पुलिस द्वारा मृतिका के संबंध में जानकारी प्राप्त कर उसके परिजनों से पूछताछ की गई। मृतिका की मां सुनीता उईके द्वारा फोटो, कपड़े एवं हुलिया देखकर मृतिका की पहचान अपनी बड़ी बेटी मुस्कान उईके पिता गुरूप्रसाद उईके, उम्र 22 वर्ष के रूप में की गई। हत्या का खुलासा थाना कुरई पुलिस टीम द्वारा घटना की बारीकी से जांच करते हुए मृतिका की मां सुनीता उईके एवं मामा अनिल धुर्वे को संदेह के आधार पर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई।

पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार करते हुए बताया गया कि दिनांक 28/09/2026 की रात्रि मुस्कान मोबाइल पर काफी देर से किसी व्यक्ति से बात कर रही थी। मोबाइल पर बात करने से मना करने को लेकर घर में विवाद हुआ, जिसके दौरान आरोपियों द्वारा मुस्कान का गला दबाकर एवं जमीन पर पटककर हत्या कर दी गई। हत्या को दुर्घटना का रूप देने के उद्देश्य से आरोपियों द्वारा शव को लोहे की रॉड एवं तार से विद्युत करंट लगाया गया तथा बाद में शव को उठाकर मक्के के खेत में फेंक दिया गया।

पुलिस द्वारा संपूर्ण साक्ष्य संकलन एवं विवेचना के उपरांत थाना कुरई में अपराध क्रमांक 442/2026, धारा 103(1), 238(ए), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी

1. सुनीता उईके — मृतिका की मां
2. अनिल धुर्वे — मृतिका का मामा

दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

सराहनीय एवं उल्लेखनीय भूमिका

उक्त जघन्य हत्याकांड के त्वरित खुलासे एवं आरोपियों को गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कुरई निरीक्षक कृपाल शाह टेकाम, थाना प्रभारी बरघाट निरीक्षक मोहनीश बैस, डॉक्टर सैय्यद हुसैनी (मेडिकल कॉलेज सिवनी), उनि इंजन सिंह मर्सकोले, उनि राहुल काकोडिया, सउनि भूपेन्द्र नागेश्वर, सउनि शैलेन्द्र डोंगरे, सउनि दिलीप सरयाम, प्रआर 271 राजेश माथरे, महेंद्र परतेती, चंचलेश नरवरे, अविनाश पाण्डेय, राजेन्द्र कटरे, आर 71 सतीश इनवाती, यशपाल सिंह उईके, आर 79 देव सिंह वरकड़े, आर 140 कृष्णा भालेकर, आर 680 पराग राहंगड़ाले तथा साइबर सेल सिवनी से सउनि देवेन्द्र जैसवाल एवं प्रआर अजय बघेल की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही। जिला सिवनी पुलिस द्वारा गंभीर एवं जघन्य अपराधों में त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई लगातार जारी है।

सिवनी-बालाघाट हाइवे पर पौनार में बस और कार में जोरदार टक्कर, कई यात्री घायल





हरिभूमि न्यूज बरघाट सिवनी-बालाघाट मुख्य मार्ग पर बरघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पौनार में आज रविवार सुबह करीब 9 बजे भीषण सडक़ हादसा हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक तेज रफ्तार बस और कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। बस में सवार यात्री मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम में शामिल होने मंडला जा रहे थे। बताया जा रहा है कि यात्री बरघाट थाना अंतर्गत आष्टा, अंखिवाड़ा, कल्याणपुर के निवासी हैं। हादसे में बस में बैठे यात्रियों सहित कार सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही बरघाट पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है।

विधायक दिनेश राय मुनमुन के नेतृत्व में 8 अक्टूबर को सिवनी में सेवा का महाआयोजन, स्वास्थ्य शिविर के साथ मातृशक्ति को स्वरोजगार की सौगात

बाहुबली लॉन में लगेगा भव्य नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, आयुष्मान कार्ड से लेकर नाक-कान-गला, हड्डी, महिला, नेत्र, दंत और हृदय रोग की जांच

हरिभूमि न्यूज सिवनी। सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन के नेतृत्व में सेवा संकल्प अभियान के तहत 8 अक्टूबर को सिवनी में सेवा और जनकल्याण का व्यापक आयोजन किया जा रहा है। सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के अंतर्गत बाहुबली लॉन में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक भव्य नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित होगा। शिविर में आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा के साथ नाक-कान-गला, हड्डी, महिला, नेत्र, दंत एवं हृदय रोग विशेषज्ञों की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद नागरिकों को एक ही स्थान पर विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं और शासन की योजनाओं से जोडना है। वहीं ओमकला केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त मातृशक्ति को 50 सिलाई मशीनें, चयनित प्रशिक्षणार्थियों को ब्यूटी पार्लर किट एवं डिप्लोमा प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाया जाएगा।

चिकित्सा शिविर में नेत्र परीक्षण के दौरान चयनित मोतियाबिंद मरीजों के 10 अक्टूबर को झोतेश्वर में ऑपरेशन किए जाएंगे। जरूरतमंद मरीजों को चश्मे एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था रहेगी।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष मीना बिसेन, सांसद भारती पारधी, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन सहित विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्तरों के जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

दिनेश राय मुनमुन की पहल से स्वास्थ्य सेवा और स्वरोजगार को एक साथ बढ़ावा

सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के माध्यम से सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने स्वास्थ्य सेवा और महिला सशक्तिकरण को एक साथ जोडने की पहल की है। एक ओर जरूरतमंद नागरिकों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की नि:शुल्क सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, वहीं दूसरी ओर प्रशिक्षण प्राप्त मातृशक्ति को स्वरोजगार के साधन देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाएगा।



भाजपा जिला महामंत्री संतोष अग्रवाल ने बताया कि शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच और चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा।

नाक-कान-गला सहित कई विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं

शिविर में नाक-कान-गला, हड्डी रोग, महिला रोग, नेत्र रोग, दंत रोग एवं हृदय रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। इसके अलावा आयुष विभाग एवं पैथोलॉजी की सुविधाएं भी शिविर में रहेंगी।

मरीजों की आवश्यकता के अनुसार जांच के बाद चिकित्सकीय परामर्श और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इससे नागरिकों को अलग-अलग स्थानों पर जांच और विशेषज्ञ परामर्श के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

आयुष्मान कार्ड भी बनेंगे

शिविर में पात्र नागरिकों को आयुष्मान कार्ड बनवाने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को शासन की स्वास्थ्य योजनाओं से जोडने का प्रयास होगा। मोतियाबिंद मरीजों के 10 अक्टूबर को झोतेश्वर में होंगे ऑपरेशन

नेत्र जांच शिविर का विशेष आकर्षण मोतियाबिंद मरीजों का चयन रहेगा। साई नेत्रा ऑप्टिकल के संचालक योगेंद्र पटेल द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण किया जाएगा।

जांच के दौरान मोतियाबिंद सहित अन्य नेत्र संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीजों को चिन्हित किया जाएगा। चयनित मोतियाबिंद मरीजों के 10 अक्टूबर को झोतेश्वर में ऑपरेशन किए जाएंगे। जरूरतमंद मरीजों को आवश्यकतानुसार चश्मे एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

8 अक्टूबर को बाहुबली लॉन पहुंचने की अपील

भाजपा जिला महामंत्री संतोष अग्रवाल ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे 8 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बाहुबली लॉन में आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं का लाभ लें। सेवा संकल्प अभियान के तहत सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन की पहल से आयोजित यह आयोजन स्वास्थ्य सेवा के साथ मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

शिक्षा के साथ संस्कार आने वाली पीढ़ी की शक्ति- निर्वेग सागर

हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया। लखनादौन चातुर्मास में मुनि श्री 108 निर्वेगसागर जी महाराज संसंघ के पावन सान्निध्य में पटेल जैन मंदिर मे आयोजित श्री 1008 इंद्रध्वज महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के अवसर पर आज जैन पाठशाला के बच्चों द्वारा पूजन-पाठ किया गया आज प्रवचन में महाराज श्री ने बदलते परिवेश में शिक्षा के साथ संस्कारों की आवश्यकता पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को अच्छे विद्यालयों में शिक्षा तो मिल रही है, लेकिन केवल शिक्षा ही जीवन को पूर्ण नहीं बनाती। ज्ञान के साथ चारित्र और संस्कार का होना भी आवश्यक है महाराज श्री ने सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र की एकता को समझाते हुए अंधे और लंगड़े दो मित्रों का उदाहरण दिया। जिस प्रकार दोनों ने एक-दूसरे की कमी को अपनी शक्ति से पूरा कर मेले का आनंद लिया, उसी प्रकार ज्ञान जीवन को दिशा देता है और चारित्र उस दिशा में चलने की शक्ति देता है। बदलते समय में परिवार छोटे हुए हैं और माता-पिता के पास बच्चों के लिए सुविधाएँ देने का समय तो कभी-कभी कम हो जाता है।

ऐसे में जैन पाठशाला बच्चों के संस्कार निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकती है। बच्चों को स्कूल के साथ पाठशाला भेजना और उन्हें धर्म एवं संस्कारों के वातावरण से जोडऩा प्रत्येक अभिभावक की जिम्मेदारी है इस अवसर पर लखनादौन की अनेक बालिकाओं ने पाठशाला प्रभारी एवं शिक्षिका बनकर निस्वार्थ भाव से अपना समय देने का नियम लिया और जैन बच्चों को जैन धर्म, धार्मिक शिक्षा एवं संस्कार प्रदान करने का संकल्प लिया उनका यह समर्पण वास्तव में आने वाली पीढ़ी के निर्माण की सेवा है। महाराज श्री ने बच्चों को प्रोत्साहित करने का संदेश देते हुए कहा कि पाठशाला से मिलने वाला छोटा-सा प्रोत्साहन भी बच्चों के मन में बहुत बड़ा उत्साह पैदा करता है। इसलिए माता-पिता बच्चों को पाठशाला भेजें, उन्हें प्रोत्साहित करें और धर्म के प्रति उनकी रुचि बढ़ाएँ प्रवचन में धर्म को जीवन का सच्चा मित्र बताते हुए महाराज श्री ने कहा कि धर्म करना कठिन नहीं है, आवश्यकता केवल दृढ़ मानसिकता और संकल्प की है। यदि व्यक्ति बुराइयों को छोडऩे का संकल्प कर ले तो वही संकल्प उसके भीतर आत्मशक्ति उत्पन्न करता है। स्कूल से शिक्षा पाठशाला से संस्कार धर्म से जीवन की दिशा और संकल्प से आत्मशक्ति मिलती है आज के बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण ही आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित और श्रेष्ठ बनाने का सबसे सुंदर प्रयास है। विधान में जैन समाज सभी श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ ले रहे है।



आजीविका मिशन से संवरी संतोषी इनवाती की जिंदगी

चारदीवारी से स्वावलंबन तक का सफर, कृषि और व्यवसाय से बढ़ी परिवार की आय



सिवनी /ग्राम तुलकरैय्यत की निवासी श्रीमती संतोषी इनवाती का जीवन कभी घर-परिवार की जिम्मेदारियों तक सीमित था। आर्थिक तंगी और सीमित आय के बीच परिवार की जरूरतों को पूरा करना उनके लिए चुनौतीपूर्ण था। वर्ष 2017 में मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुडने के बाद उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव की शुरुआत हुई। उन्होंने 'सरस्वती आजीविका स्व-सहायता समूह' की सदस्यता ली। समूह की गतिविधियों में उनकी सक्रियता और लगन को देखते हुए उन्हें समूह का सचिव बनाया गया।

सेवा सेतु अभियान अंतर्गत सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन

नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने हितग्राहियों को वितरित किए हितलाभ एवं प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु अभियान—सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत रविवार को नगर पालिका परिषद सिवनी के मानस भवन में शिविर का आयोजन किया गया। प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित शिविर में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहीमूलक योजनाओं के लिए अलग-अलग काउंटर लगाए गए। शिविर में 130 से अधिक नागरिकों का पंजीयन किया गया तथा उन्हें



शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए पात्र हितग्राहियों से आवेदन भी प्राप्त किए गए। शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों का नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया ने अपने उद्बोधन में शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल सके, इसी उद्देश्य से शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सेवाकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पालिका सिवनी द्वारा 02 से 10 अक्टूबर 2026 तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

जंगल के बीच सत्याग्रहः 5.93 लाख के मनरेगा गबन पर एफआईआर से भागता प्रशासन, फर्जी राजीनामे के विरोध में शिकायतकर्ता का बेमियादी अनशन

एसडीएम जांच में 5.93 लाख का मनरेगा गबन उजागर, 9 महीने बाद भी एफआईआर से भागता प्रशासन; 4 अक्टूबर से ढुटेरा में भूख हड़ताल

शिकायतकर्ता के फर्जी दस्तखत बना जमा कराया राजीनामा, पुलिस-जिला पंचायत की सांठगांठ के विरोध में आर-पार का सत्याग्रह

वन भूमि पर कागजी निर्माण कर डकारे सरकारी पैसे;कार्रवाई शून्य होने पर आज से मचेगा प्रशासनिक हडक़ंप सरकारी जांच में 5.93 लाख का मनरेगा गबन प्रमाणित, फिर भी एफआईआर पर सन्नाटा फर्जी राजीनामे के खेल से तंग आकर आज से बेमियादी भूख हड़ताल

संवाददाता कैलाश लाहोरी पलारी / शासकीय जांच में वित्तीय भ्रष्टाचार और गबन की पुष्टि होने के बावजूद जब रसूखदारों को बचाने का खेल खेला जाता है, तब जनता के पास सत्याग्रह ही एकमात्र रास्ता बचता है। कुछ ऐसा ही मामला सिवनी जिले के केवलारी जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत ढुटेरा (पांजरा) में सामने आया है, जहां मनरेगा योजना में हुए 5.93 लाख के गबन में अधिकारियों की संदिग्ध चुप्पी से तंग आकर शिकायतकर्ता आज, 4 अक्टूबर 2026 से ग्राम ढुटेरा के माता मंदिर परिसर में बेमियादी भूख हड़ताल पर बैठ रहे हैं।

जांच में खुल चुकी है पोल, फिर भी मेहरबान है तंत्र

आधिकारिक दस्तावेजों के मुताबिक, शासकीय वन भूमि (खसरा 284) पर कागजी निर्माण दर्शाकर ?5.93 लाख का शासकीय फंड डकार लिया गया था। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) केवलारी द्वारा गठित संयुक्त जांच दल ने अपनी रिपोर्ट (क्रद्गद्घ. 1996, दिनांक 16-12-2025) में इस गबन की शत-प्रतिशत पुष्टि भी कर दी थी। लेकिन हैरत की बात यह है कि जांच में दोष सिद्ध होने के 9 महीने बीत जाने के बाद भी न तो पुलिस ने बीएनएस की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की और न ही जिला पंचायत सिवनी ने दोषी सरपंच, तत्कालीन सचिव व ग्राम रोजगार सहायक से राशि की वसूली की।

शिकायत दबाने के लिए जालसाजी और कूटरचित राजीनामा!

कार्रवाई न होने से शह पाए अनावेदकों के दुस्साहस का आलम यह रहा कि उन्होंने शिकायतकर्ता के फर्जी/बनावटी हस्ताक्षर तैयार कर शिकायत वापस लेने का एक फर्जी राजीनामा पत्र (दिनांक 17-02-2026) जिला पंचायत सीईओ के समक्ष पेश कर दिया। इस संगीन धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े की शिकायत एसपी सिवनी, कलेक्टर और थाना केवलारी को देने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने आंखें मूंद रखी हैं।

प्रशासन की जवाबदेही तय होना बाकी

लगातार 1 वर्ष तक प्रशासनिक चौखटों के चक्कर काटने और मानसिक प्रताडऩा झेलने के बाद अब शिकायतकर्ता आकाश नामदेव ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। अनशनकारी ने साफ कहा है कि अनशन के दौरान स्वास्थ्य या सुरक्षा संबंधी कोई भी अप्रिय घटना होती है, तो इसकी सीधी और संपूर्ण जिम्मेदारी केवलारी अनुविभागीय प्रशासन, जिला पंचायत सिवनी और स्थानीय पुलिस प्रशासन की होगी। मामले के तूल पकड़ते ही एसडीएम केवलारी ने जनपद सीईओ को 2 दिनों के भीतर पूरी स्थिति स्पष्ट करने का अल्टीमेटम दिया है।

जिला अस्पताल से लैपटॉप चोरी करने वाले 2 आरोपी कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में

पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी द्वारा जिले में चोरी एवं नकबजनी के अपराधों की रोकथाम तथा आरोपियों की धरपकड़ हेतु प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिवनी चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा जिला अस्पताल से लैपटॉप चोरी करने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया लैपटॉप बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई।



दिनांक 02/10/2026 को प्रार्थी दयाराम ब्रम्हने, 108 एम्बुलेंस जिला प्रबंधक द्वारा थाना कोतवाली उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 01/10/2026 को दोपहर करीब 03 बजे जिला अस्पताल सिवनी स्थित 108 एम्बुलेंस कार्यालय के कमरे का दरवाजा खोलकर अज्ञात व्यक्ति अंदर प्रवेश कर बैग में रखा एचपी कंपनी का लैपटॉप, कीमत करीब 30,000/- रुपये चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली सिवनी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा तकनीकी सहायता एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर घटना में शामिल संदिग्ध आरोपियों की पहचान की गई। पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थानों पर तलाश एवं पतासाजी करते हुए दिनांक 02/10/2026 को दोनों संदेहियों को पकड़ा गया। एचपी पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम निखिल यादव एवं नवील खान, दोनों निवासी सूफीनगर गांधी वार्ड, सिवनी बताया। पूछताछ में दोनों आरोपियों द्वारा 108 एम्बुलेंस कार्यालय से एचपी कंपनी का लैपटॉप चोरी करना स्वीकार किया गया।

आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया लैपटॉप दीवान महल की बाउंड्री के किनारे घास एवं पौधों में छिपाकर रखा हुआ बरामद किया गया, जिसे विधिवत जप्त किया गया। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल दाखिल किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी

1. निखिल यादव पिता जयकिशन यादव, उम्र 19 वर्ष, निवासी सूफीनगर गांधी वार्ड, सिवनी।
2. नवील खान पिता शाहिल खान, उम्र 18 वर्ष, निवासी सूफीनगर गांधी वार्ड, सिवनी।

सराहनीय भूमिका

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि शत्रुघन चौरिया, प्रआर प्रदीप चौधरी, प्रआर सुधीर डहेरिया, प्रआर संतोष साहू एवं आरक्षक लोकेश सरयान की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही। जिला सिवनी पुलिस द्वारा चोरी एवं नकबजनी के अपराधों की रोकथाम तथा आरोपियों की धरपकड़ हेतु प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है।

खबर संक्षेप

लांजी के कोटेश्वर मंदिर में प्रसाद दुकानदारों के बीच फिर विवाद

लांजी। नगर के प्रसिद्ध कोटेश्वर मंदिर परिसर में प्रसाद सामग्री बेचने वाले दुकानदारों के बीच एक बार फिर विवाद की स्थिति सामने आई। शनिवार, 3 अक्टूबर की सुबह प्रसाद सामग्री की दुकान लगाने को लेकर दुकानदारों के बीच कहासुनी और कथित गाली-गलौज होने की सूचना मिली। विवाद बढ़ने की जानकारी मिलने पर नगर परिषद का अमला मौके पर पहुंचा और बाद में लांजी पुलिस ने भी पहुंचकर स्थिति को शांत कराया।प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटेश्वर मंदिर के सामने प्रसाद सामग्री की दुकान लगाने वाले दुकानदारों के बीच पूर्व में भी दुकान लगाने को लेकर विवाद की स्थिति बन चुकी थी। उस दौरान दुकानदारों के बीच गाली-गलौज और आपसी विवाद की शिकायतें लगातार सामने आने के बाद प्रशासन द्वारा मामले को गंभीरता से लिया गया था।बताया जाता है कि पूर्व की परिस्थितियों को देखते हुए लांजी एसडीएम द्वारा आदेश जारी कर कोटेश्वर मंदिर में संचालित प्रसाद सामग्री की दुकानों को मंदिर से करीब 200 मीटर की दूरी पर व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद नगर परिषद द्वारा उक्त आदेश का पालन करते हुए प्रसाद सामग्री बेचने वाले दुकानदारों को मंदिर से 200 मीटर की दूरी पर स्थान उपलब्ध कराया गया।हालांकि दुकानदारों का कहना था कि निर्धारित स्थान पर उन्हें कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। दुकान लगाने के लिए पर्याप्त एवं व्यवस्थित व्यवस्था नहीं होने के साथ-साथ धूप और बारिश के दौरान भी उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही थी। दुकानदारों की समस्याओं को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक राजकुमार करंहे ने मामले में हस्तक्षेप किया।विधायक की पहल के बाद प्रसाद सामग्री बेचने वाले दुकानदारों को मंदिर के सामने एक कतार में व्यवस्थित तरीके से दुकान लगाने की अनुमति दी गई।

दुकानदारों को स्पष्ट रूप से समझाइश दी गई कि मंदिर के सामने दुकान लगाने के दौरान आपसी विवाद, गाली-गलौज अथवा किसी प्रकार की अशांति की स्थिति निर्मित नहीं की जाए।इसके बाद दुकानदारों ने विधायक की समझाइश को स्वीकार करते हुए मंदिर के सामने निर्धारित व्यवस्था के अनुसार अपनी दुकानें लगाईं। बताया गया कि दुकानदारों को चिट्ठी/पर्ची के माध्यम से क्रमांक दिए गए और उसी क्रम के अनुसार उन्हें एक कतार में बैठाया गया, ताकि दुकानों को लेकर आपसी विवाद की स्थिति न बने और मंदिर के सामने व्यवस्था भी बनी रहे।

शनिवार सुबह फिर बिगड़ी स्थिति

बताया गया कि 3 अक्टूबर की सुबह प्रसाद सामग्री बेचने वाली एक महिला दुकानदार ने निर्धारित व्यवस्था का पालन नहीं करते हुए मंदिर के द्वार के सामने दुकान लगाने का प्रयास किया। इसको लेकर अन्य दुकानदारों ने आपत्ति जताई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई।मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार महिला दुकानदार द्वारा अन्य दुकानदारों के साथ कथित रूप से गाली-गलौज किए जाने के बाद मामला और गरमा गया। विवाद की जानकारी मौके पर मौजूद लोगों द्वारा क्षेत्रीय विधायक राजकुमार करंहे को दी गई।जानकारी मिलने के बाद विधायक की ओर से नगर परिषद के अमले को मौके पर भेजा गया। नगर परिषद कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर मंदिर के द्वार के सामने लगाई गई दुकान को हटवाया और दुकानदारों को निर्धारित व्यवस्था के अनुसार दुकान लगाने की समझाइश दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कराया मामला शांत

दुकान हटाए जाने के बाद भी कुछ समय तक विवाद की स्थिति बनी रही। पुलिस एवं नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा संबंधित महिला दुकानदार को समझाइश दी गई कि मंदिर के सामने निर्धारित व्यवस्था का पालन किया जाए और अन्य दुकानदारों के साथ किसी भी प्रकार का विवाद या गाली-गलौज नहीं किया जाए।मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार संबंधित महिला को यह भी चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में दोबारा इस प्रकार की स्थिति निर्मित होती है और निर्धारित व्यवस्था का उल्लंघन किया जाता है, तो उसकी दुकान को मंदिर के सामने से हटाकर पुनः मंदिर से 200 मीटर की दूरी पर किए जाने की कार्रवाई की जा सकती है।

एक दशक में शहर का विस्तार, पर विकास के नक्शे से गायब दर्जनों कॉलोनियां

जमीन पर कॉलोनियां, कागजों में नहीं







कटंगी।

बीते एक दशक में कटंगी शहर ने जितनी तेजी से अपना आकार बदला है, उतनी ही तेजी से व्यवस्थागत खामियां भी उजागर हुई हैं। जहां कभी खेत और ऊंची-ऊंची झाड़ियां थीं, वहां आज चमचमाती बहुमंजिला इमारतें और कॉलोनियां खड़ी हैं। भूमि का मद परिवर्तन (डायवर्शन) और नगर परिषद से भवन निर्माण की अनुमति लेकर लोगों ने अपने आशियाने तो बना लिए, लेकिन इन आशियानों से बनी कॉलोनियों का अस्तित्व आज भी नगर परिषद के रिकॉर्ड में नहीं है। यानी जमीन पर कॉलोनी है, मकान हैं, परिवार रह रहे हैं, लेकिन कागजों पर वह अवैध है। और इस अवैधता की सबसे बड़ी सजा भुगत रहे हैं आम रहवासी। नियमानुसार नगर परिषद में दर्ज अवैध कॉलोनी में बिजली विभाग स्थाई कनेक्शन नहीं देता। नगर परिषद भी वहां सड़क, पानी, साफ-सफाई जैसी बुनियादी जरूरते नहीं पहुंचाती। ऐसे में कटंगी की इन नई विकसित कॉलोनियों में सैकड़ों परिवार पिछले कई सालों से टीसी यानी अस्थाई कनेक्शन पर अपना घर रोशन करने को मजबूर हैं। स्वयं के व्यय से सड़क बना रहे है। खतरनाक तरीके से घरों तक बिजली के तारों को पहुंचाया जा रहा है। अस्थाई कनेक्शन की दर स्थाई कनेक्शन से 2 से 3 गुना ज्यादा है। बिल हर महीने 2000 से 4000 रुपये तक आ रहा है, जो एक मध्यमवर्गीय परिवार की कमर तोड़ रहा है। गर्मी में एक पंखा और एक बल्ब जलाने की कीमत भी उन्हें भारी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि हमने जमीन का डायवर्शन कराया, नगर परिषद से नक्शा पास कराया, हाउस टैक्स भर रहे हैं, फिर भी हमें अवैध बताकर सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है।

कैसे बनीं ये अवैध कॉलोनियां? कानून क्या कहता है?

दरअसल, बीते 10 वर्षों में कटंगी में कोई बड़ा लाइसेंसी कॉलोनाइजर नहीं आया। यहां कथित भू माफियाओं, गैर पंजीकृत कालोनाइजर और छोटे-छोटे भू-स्वामियों ने अपनी 2-5 एकड़ कृषि भूमि का टुकड़ों में डायवर्शन कराया और 800 से 1500 वर्गफीट के भूखंडों के रूप में बेच दिया। लोगों ने व्यक्तिगत अनुमति लेकर मकान बना लिए। धीरे-धीरे 15-20 मकान बनते ही वह एक कॉलोनी कहलाने लगी। जिन गैर पंजीकृत कॉलोनाइजर ने प्लाट बेचे उन्होंने खरीददार को ढेर सारे सपने दिखाई थे। यानी कॉलोनी में बिजली, सड़क, पानी का दावा किया गया था परंतु आज एक दशक बाद भी प्लाट खरीददारों को कोई सुविधा मुहैया नहीं करवाई। जिसके बाद जमीन क्रेता-विक्रेता के बीच लंबी जुबानी जंग चलती रही लेकिन बाद में क्रेता ने बदहाल परिस्थितियों को ही अपने जीवन का हिस्सा समझ लिया। बता दें मप्र नगर पालिका अधिनियम 1961 और मप्र कॉलोनाइजर अधिनियम के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति 0.5 हेक्टेयर से अधिक भूमि को प्लॉट में विभाजित कर बेचता है, तो उसे टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से लेआउट पास कराना, कॉलोनाइजर लाइसेंस लेना और आंतरिक सड़क, नाली, बिजली, पानी, पार्क, सीवेज जैसी 10 मूलभूत सुविधाएं विकसित करना अनिवार्य है। लेकिन कटंगी में ऐसा नहीं हुआ। न कॉलोनाइजर ने लाइसेंस लिया, न टीएंडसीपी से लेआउट पास कराया। नगर परिषद ने भी व्यक्तिगत भवन अनुमति तो दे दी, लेकिन कॉलोनी के अवैध होने पर आंख मूंद ली। परिणाम यह है कि आज नगर में ऐसी 10 से 15 कॉलोनियां अस्तित्व में हैं जो अवैध की श्रेणी में आती हैं। कायदे से प्रशासनिक टीम को इस पूरे मामले की निष्पक्ष तरीके से जांच करना चाहिए उनके कॉलोनाइजर भी जालसाजी की कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। जिन्होंने प्लाट क्रेताओं को झूठे सपने दिखाकर प्लांट बेचे है।

दोहरा मापदंड कई कॉलोनियों में सड़क, पानी, लाइट सब कुछ-

इस पूरे मामले में सबसे गंभीर आरोप नगर परिषद पर दोहरे मापदंड का है। रहवासियों का आरोप है कि नगर में कई ऐसी अवैध कॉलोनियां हैं जहां प्रभावशाली लोगों, जनप्रतिनिधियों से जुड़े लोगों और रसूखदारों के आलीशान आवास बने हैं। वहां नगर परिषद ने बिना वैधता देखे सीसी रोड़, नाली, स्ट्रीट लाइट और पानी की पाइपलाइन तक पहुंचा दी है। जबकि वार्ड क्रमांक 02 सहित अन्य कुछ वार्डों और बाहरी छोर पर बसी कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं है। खास बात यह भी है कि इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को नगर में मताधिकार भी मिला हुआ है। इसी पीड़ा को लेकर वार्ड क्रमांक 02 के रहवासियों ने पूर्व सांसद बोधसिंह भगत को मौके पर निरीक्षण के लिए बुलाया। रहवासियों ने उन्हें अस्थाई बिजली बिल, कीचड़ भरी सड़कें और नालियों की समस्या दिखाई। पूर्व सांसद ने रहवासियों को आश्वस्त किया कि वह इस मामले में एसडीएम और नगर परिषद सीएमओ से चर्चा कर वैधता और सुविधाओं का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे।

हर नया एसडीएम करता है बात, फिर ठंडे बस्ते में-

रहवासियों द्वारा ऐसी अवैध कॉलोनियों की दर्जनों लिखित शिकायत नगर परिषद और एसडीएम कार्यालय कटंगी में लंबित हैं। शिकायत में मांग की गई है कि या तो कथित कॉलोनाइजर पर कार्रवाई कर सुविधाएं विकसित कराई जाए या कॉलोनियों को वैध कर नगर परिषद मूलभूत सुविधा दे। जानकारी के अनुसार जब भी कोई नया अधिकारी बतौर एसडीएम कटंगी में पदभार संभालता है, वह पहले निरीक्षण में अवैध कॉलोनियों का मुद्दा उठाता है। नोटिस जारी करने की बात कहता है, लेकिन कुछ दिनों बाद मामला फिर ठंडे बस्ते में चला जाता है। इस लचर व्यवस्था का खामियाजा आम आदमी भुगत रहा है। विगत वर्ष तो एक मामला तो ऐसा भी सामने आया जिन प्लाटों की ब्रिकी पर एसडीएम ने रोक लगा रखी थी। उन प्लांटों की उपपंजीयक ने रजिस्ट्री तक कर दी। बीते दिनों कटंगी एसडीएम ने तिरोड़ी तहसील के बोनकट्टा और बम्हनी में अवैध कॉलोनियों विकसित करने वाले कॉलोनाइजर को नोटिस जारी किया जबकि शहर में ही कई जगह पर अवैध कॉलोनियां धड़ल्ले से विकसित हो रही है।



सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों का सम्मान

"सेवा मेरा योगदान" कार्यक्रम के अंतर्गत फल, मिठाई एवं पौष्टिक आहार का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज़ उकवा ।

मध्य प्रदेश शासन के सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत "सेवा मेरा योगदान" कार्यक्रम के तहत विकासखंड बिरसा के कैंडा टोला स्थित वृद्धा आश्रम में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आश्रम में निवासरत बुजुर्गों का सम्मान करते हुए उन्हें फल, मिठाई एवं पौष्टिक आहार वितरित किया गया।

इस अवसर पर बुजुर्गों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया तथा उनके साथ आत्मीय संवाद करते हुए कुशलक्षेम जाना गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने बुजुर्गों के साथ समय बिताकर उनके अनुभवों को सुना और सेवा एवं सम्मान का संदेश दिया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, बालाघाट के जिला समन्वयक श्री महेश पटले, विकासखंड समन्वयक बिरसा श्रीमती स्वर्णलता चोपड़ा, समाजसेवी संदीप गजभिये, नवांकुर संस्था से श्री प्रकाश डहरवाल, विभिन्न सेक्टरों के मेंटर, CMCLDP छात्र-छात्राएं, परामर्शदाता एवं सामाजिक कार्यकर्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

जिला समन्वयक श्री महेश पटले ने कहा कि, "बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर हैं। उनकी सेवा करना ही सच्ची ईश्वर सेवा है। जन अभियान परिषद का उद्देश्य सेवा के माध्यम से समाज को जोड़ना और समाज में संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करना है।"

विकासखंड समन्वयक श्रीमती स्वर्णलता चोपड़ा ने कार्यक्रम में सहयोग करने वाली सभी नवांकुर संस्थाओं, मेंटर्स, परामर्शदाताओं एवं CMCLDP छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

वृद्धा आश्रम में निवासरत बुजुर्गों ने इस स्नेहिल पहल के लिए जन अभियान परिषद एवं उपस्थित सभी लोगों को आशीर्वाद देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम ने सेवा, सम्मान और सामाजिक सहभागिता का सकारात्मक संदेश दिया।

जनप्रतिनिधियों के हस्ते विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को किए स्वीकृति पत्र प्रदान

सेवा सेतु अभियान अंतर्गत कृषि उपज मंडी में मेगा शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज़ वारासिवनी। सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार अंतर्गत नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा नगर के कृषि उपज मंडी में मेगा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित कार्यवाही एक ही स्थान पर की गई। शिविर में पात्र नागरिकों का योजनाओं एवं सेवाओं में पंजीयन, आवेदन,आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना,पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों के हस्ते प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

इस दौरान पार्षद मोनू लिंमजे, आशुतोष कोहाड़,धरमु जोशी, रुक्मणी बिसेन,ललिता ठाकरे,दीपा प्रवीण रूसिया,एल्डर मेन सौरभ पटेल,दीप चौहान, मिथलेश बुरर्डे, पूर्व पार्षद विवेक ऐडे,सुनील जायसवाल, शैलेन्द्र सेठी,मनोज दांदरे, विनोद मिश्रा, देवी लिल्हारे, संतोष ठकरेले मौजूद रहे।

शासन की योजनाओं का हर व्यक्ति को मिल रहा लाभ- संदीप मिश्रा

इस अवसर पर नागरिकों को सम्बोधित करते हुए पार्षद संदीप मिश्रा ने कहा कि नगर के नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सहज एवं त्वरित लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस मेगा शिविर का आयोजन किया गया है। हमारी नगर पालिका द्वारा हर वॉर्डों में शिविर लगाकर समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। हमारे नगरीय क्षेत्रों के हर रहवासियों को शासन की योजनाओं का



लाभ मिल रहा है। हमारे कर्मचारी पूरी मेहनत के साथ शासन की योजनाओं को जनता तक पहुंचा रहे है। यही कारण है कि प्रत्येक नागरिकों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है।

नगर के हर वॉर्डों में हो रहे विकास कार्य- सरिता मनोज दादरे

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दादरे ने नगर वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार चाहती है कि शहर से लेकर गांव तक बसे हर व्यक्ति को शासकीय योजनाओं का लाभ मिले। हमारी परिषद पूरी मेहनत से काम कर रही है। नगर के हर वॉर्डों में विकास कार्य होने के साथ ही हर व्यक्ति को शासकीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है। वॉर्ड में शिविर के माध्यम से भी आ रही शिकायतों का तत्काल समाधान किया जा रहा है।किसी कारणों से अगर कोई व्यक्ति इस शिविर में नहीं पहुंचा होगा। तो उसकी समस्याओं का समाधान हमारे परिषद के कर्मचारी उनके निवास पहुंचकर निराकरण करेंगे।

कागजों में नहीं धरातल में हर व्यक्ति को मिले शासकीय योजनाओं का लाभ-विवेक पटेल

नागरिकों को सम्बोधित करते हुए विधायक विवेक पटेल ने कहा कि मै चाहता हूं कि शासन की योजनाओं का लाभ सिर्फ कागजों में नहीं बल्कि धरातल में भी नजर आए। मैं नगर पालिका में पांच वर्ष नपा उपाध्यक्ष और पांच वर्ष नगर पालिका अध्यक्ष था।बहुत सुंदर हमारा शहर है। बहुत खूबसूरत बसावट है। नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षद वही व्यक्ति बने, जिनके मन में सेवा की भावना हो। मै जब नगर पालिका अध्यक्ष था। मुझे अच्छे कार्यों के लिए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने सम्मानित किया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ही है कि हर व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ मिले। नगर के वॉर्ड नम्बर नौ में शहर का कचरा डंप होता था। आज शहर के बाहर हो गया।ताकि किसी को कोई परेशानी ना हो। नगर के कुछ लोग अपनी समस्या लेकर पालिका पहुंचते है।तो उनके कार्य नहीं हो पाते। किसी के साथ भेदभाव ना किया जाए।जनप्रतिनिधि का काम होता है, जनता की सेवा करे। मै विधायक बना हूँ, तो आप लोगों के आशीर्वाद से ही बना हूँ। मेरी अगर आप लोगों को जरूरत पड़े तो मैं आपके साथ खड़ा हूं।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लाँजी में NMMS परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, 369 में से 367 परीक्षार्थी हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज बालाघाट। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाँजी में राष्ट्रीय-मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा (**NMMS**) 2026-27 का आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से 4 अक्टूबर को संपन्न हुआ। परीक्षा में कुल 369 परीक्षार्थी दर्ज थे, जिनमें से 367 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र पर शांति व्यवस्था बनी रही और नकल प्रकरण की कोई स्थिति नहीं बनी। ज्ञात हो इस परीक्षा में शासकीय विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 8 वी के छात्र पात्र होते है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु केन्द्राध्यक्ष विद्यालय प्रचार्य डी.के. फुल्लारे एवं आबजार्वर प्रचार्य हायर सेकेण्डरी मनेरी आर.एस. घोरमारे नियुक्त रहे। परीक्षा व्यवस्था के अंतर्गत 17 कक्ष निरीक्षक, 2 लिपिक एवं 4 भृत्यों की ड्यूटी लगाई गई थी। सभी कर्मचारियों ने अपने निर्धारित दायित्वों का निर्वहन करते हुए परीक्षा के सुचारु संचालन में अपना विशेष सहयोग प्रदान किया।इस चयन परीक्षा का मुख्य उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के माध्यम से कक्षा 9वी से 12वी तक आगे की शिक्षा जारी रखने के लिए 12000 रूपये कि राशि संबंधित छात्र को प्रदान करना है। यह परीक्षा विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, तार्किक चिंतन एवं शैक्षणिक योग्यता को परखने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है लिए

